# 75 लोगों ने स्वास्थ्य की कराई जांच



शिविर में मौजूद पदाधिकारी। स्रोत : संगठन

मुरादाबाद। ग्राम डिंडौरा में रोटरी क्लब सेंट्रल और परिवर्तन दी चेंज संस्था की ओर से लगाई गई स्वास्थ्य जांच शिविर में 75 लोगों की जांच की गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रोटेरियन डॉ. विमिता अग्रवाल रहीं। वरिष्ठ महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा ने मासिक धर्म, पीसीओडी और यूटीआई जैसे बीमारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उसके उपचार के बारे में बताया। इस दौरान महिलाओं को निशुल्क सैनेटरी पैड्स का वितरण किया गया। जनरल फिजिशियन डॉ. समन सिद्धिकी ने लोगों की सामान्य स्वास्थ्य की जांच की। रोटरी क्लब सेंट्रल के प्रेसिडेंट अजय मेहरोत्रा ने रोटरी के द्वारा किए जा रहे कार्यों से ग्रामीणों को बताया। ब्यूरो